UPPCL

# उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उ0प्र0 सरकार का उपकम)

U.P.Power Corporation Limited

(Govt. of Uttar Pradesh Undretaking)

शक्ति भवन, विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ

CIN: U32201UP1999SGC024928

संख्या–3666–पाकालि / 2019–02(यू0)ए0एस0 / 18 दिनांक : 19 अक्टूबर, 2019

प्रबन्ध निदेशक,
मध्यांचल / पूर्वान्चल / दक्षिणांचल / पश्चिमाँचल,
विद्युत वितरण निगम लि0 / केस्को,
लखनऊ / वाराणसी / आगरा / मेरठ / कानपुर।

समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण)
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
आन्दोलन / कार्य बहिष्कार

**विषयः– उ0प्र0 पावर कारपोरेशन निविदा / संविदा कर्मचारी संघ द्वारा दिनांक 25.10.2019 को इको गार्डन, आलमबाग, लखनऊ में विशाल धरना प्रदर्शन, दिनांक 26.10.2019 को क्रमिक अनशन व दिनांक 27.10.2019 से कार्य बहिष्कार किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उक्त विषयक उ0प्र0 पावर कारपोरेशन निविदा / संविदा कर्मचारी संघ के पत्र संख्या–03 / 19 दिनांक 03.10.2019 (प्रतिलिपि संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा संघ ने दिनांक 25.10.2019 को इको गार्डन, आलमबाग, लखनऊ में विशाल धरना प्रदर्शन, दिनांक 26.10.2019 को क्रमिक अनशन व दिनांक 27.10.2019 से कार्य बहिष्कार किये जाने की नोटिस दी है।

आप विदित है कि उ0प्र0 शासन ने उ0प्र0 आवश्यक सेवाओ का अनुरक्षण अधिनियम–1966 के अर्न्तगत ऊर्जा क्षेत्र के अधीन समस्त सेवाओं में अधिसूचना संख्या–811 / 24–पी–2–19–1(121) / 04 दिनांक 04.07.2019 द्वारा छः माह के लिये हड़ताल निषिद्ध की है जिसकी सूचना आपको कारपोरेशन (मुख्यालय) के पृष्ठांकन संख्या–2550–औ0सं0 / 2019–159–ए / 67 दिनांक 23.07.2019 द्वारा दी जा चुकी है। ऐसी स्थिति में कार्य बहिष्कार, रैली आदि करना न केवल अनुचित अपितु अवैधानिक भी है।

अतः उ0प्र0 पावर कारपोरेशन निविदा / संविदा कर्मचारी संघ द्वारा प्रस्तावित उक्त धरना प्रदर्शन, क्रमिक अनशन एवं कार्य–बहिष्कार को दृष्टिगत रखते हुये विद्युत व्यवस्था की स्थिति को सामान्य बनाये रखना सुनिश्चित किया जाये ताकि उपभोक्ताओं को विद्युत की उपलब्धता हो सके।

यह भी अनुरोध है कि प्रस्तावित उक्त धरना प्रदर्शन, क्रमिक अनशन एवं कार्य–बहिष्कार के दृष्टिगत आउट सोर्स एजेन्सी को निर्देशित कर दिया जाये कि कोई भी आउट सोर्स श्रमिक प्रस्तावित आन्दोलन में प्रतिभाग नहीं करें।

उपर्युक्त निर्देशों से अपने अधीनस्थ सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को भी अनुपालनार्थ अवगत कराने का कष्ट करें।

कृपया इस सम्बन्ध में कृत कार्यवाही से अद्योहस्ताक्षरी को भी अवगत कराने की कष्ट करें।

**सलंग्नक :– यथोपरि।**

भवदीय,

(ए0के0 पुरवार)
निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)

संख्याः–3666–औ0सं0 / 2019, तद्‌दिनांक :–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष / प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. अपर सचिव–प्रथम / संयुक्त सचिव (कार्य), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष संख्या–407, शक्ति भवन, लखनऊ को कारपोरेशन की वेब साइट **WWW.uppcl.org** पर लोड करने हेतु।

(ए0के0 पुरवार)
निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)